

नवभारत
सतना गुरुवार, 07 अगस्त 2025


# माजन मोड़ से नवजीवन बिहार तक सड़क जगह-जगह टूटी

## सात महीने पहले हुआ था सड़क का मरम्मत कार्य, बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हुई सड़क, आवाजाही में हो रही परेशानी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। माजन मोड़ से लेकर नवजीवन बिहार इंदिरा चौक तक सड़क जगह-जगह उखड़ चुकी है। जहां वाहनों के आवाजाही में वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क पीछले एक महीने से क्षतिग्रस्त हुई है।**



जून महीने से ही जिले में हो रही बारिश का असर चारो ओर है। बारिश के चलते सड़के भी क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। ताजा उदाहरण माजन मोड़ बैढ़न से लेकर नवजीवन बिहार-इंदिरा चौक तक की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। आलम यह है कि सड़क में इस तरह गड्ढे बने हैं कि बारिश के दिन गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालक एवं पैदल चलने वाले मुसाफिरों के बीच तूतू-मैंमैं व गाली-गलौज शुरू हो जाती है। विवाद का कारण गड्ढो में पड़ा पानी का छीटा पड़ने से होता है। इस तरह की समस्याएं आये दिन बनी रहती हैं। बताया जाता है कि बारिश के चलते सड़क के डामर व गिट्टियां निकल कर बाहर आने से जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। आलम यह है कि कॉलेज चौराहा बिलौंजी, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, रिलायंस चौराहा, टाइगर इन होटल के सामने सहित अन्य जगह सड़क के कचूमर निकल आये हैं। रात के समय और भी ज्यादा परेशानी होती है। हालांकि स्ट्रीट लाईट जलती रहती हैं, लेकिन बारिश का पानी गड्ढों में भरे रहने से वाहन चालको को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। यहां बताते चले कि पिछले वर्ष भी उक्त सड़क मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। नगर निगम के द्वारा अक्टूबर-नवम्बर महीने में उक्त सड़क मार्ग का मरम्मत कार्य कराया गया था। किंतु इस बारिश में माजन मोड़ से लेकर नवजीवन बिहार-इंदिरा चौक तक सड़क धीरे-धीरे गड्ढों में तब्दील हो जा रही है। जबकि यह मार्ग जिला मुख्यालय की प्रमुख सड़क है। इसके बावजूद सड़क मरम्मत कार्य के करीब 8 महीने तक ही चल पाई। यहां के रहवासियों ने मेयर, नगर निगम अध्यक्ष, कलेक्टर एवं आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य शीघ्र कराये जाने की मांग की है।

### परसौना से माजन मोड़-नवानगर तक निकले चिथड़े

परसौना से कचनी-माजन मोड़ व नवानगर फोरलेन सड़क का भी कचूमर निकल गाया है। जबकि उक्त सड़क का मरम्मत कार्य टोल प्लाजा तेलदह के उदित कॉन्ट्रक्शन के द्वारा कराया जाना है। बरगवां रेलवे फाटक से लेकर माजन मोड़ तिराहा तक क्षतिग्रस्त सड़क का मरम्मत कार्य टोल प्लाजा के ठेकेदार के द्वारा नही कराया जा रहा है। जबकि मालवाहक वाहनों से टोल वसूलने में किसी प्रकार की रियायत नही बरती जा रही है। वही आरोप है कि टोल प्लाजा के ठेकेदार के एमपीआरडीसी के उदासीन अधिकारी दबाव भी नही बना पा रहे हैं। इसके पीछे कारण क्या है, इसे तो एमपीआरडीसी के अधिकारी एवं टोल प्लाजा के ठेकेदार ही बता पाएंगे।

### सीवरेज ठेकेदार ने भी सड़क को किया तहस-नहस

बैढ़न-नवजीवन बिहार के मध्य बघेल पेट्रोलपंप के सामने से लेकर नवजीवन बिहार तक दो महीने पहले सिवरेज पाईप लाईन के चक्कर में ठेकेदार ने कार्य कराया, किंतु निर्धारित अनुबंध के अनुसार सिवरेज के संविदाकार ने सड़को को क्षतिग्रस्त करने के बाद समुचित तरीके से कार्य नही कराया है। मरम्मत के नाम पर कोरमपूर्ति किया है। इस तरह के आरोप यहां के व्यापारियों के द्वारा लगाया गया है। जहां-जहां पर सिवरेज पाईप लाईन डाली गई है, वहां ठेकेदार ने उबड़-खाबड़ पीसीसी सड़क बनाया है। कई जगह सड़क धंस भी गई है। लेकिन निगम के अधिकारियों ने ठेकेदार पर गुणवत्ता के साथ पुरानी अवस्था में सड़क बनवाने के लिए दबाव नही बना पाये। जिसके चलते सड़क कई जगह धंसने के स्थिति में है।



# ई-कोल एवं डीएव्ही स्कूल से पांच किराया के स्कूल वाहन जब्त

## बिना परमिट के चल रहे थे उक्त वाहन, 14 हजार रुपए का जुर्माना


नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। जिला मुख्यालय बैढ़न के डीएव्ही मार्ग में आज दिन बुधवार को परिवहन अमला डीएव्ही एवं ई-कोल स्कूल पहुंच स्कूली वाहनों का जांच किया। जहां किराये से चल रहे पॉच वाहनों को जप्त कर 14 हजार रूपये का जुर्माना रसीद काटी गई है।**

जानकारी के अनुसार आज दिन बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर ने विभागीय स्टाफ लिपिक वर्ग तीन व्यौमकांत तिवारी एवं अन्य अमले के साथ बैढ़न के डीएव्ही मार्ग पहुंचे और स्कूली वाहनों का जांच पड़ताल एवं दस्तावेज देखने लगे। इस दौरान ई-कोल स्कूल एवं डीएव्ही विद्यालय के बच्चों को लाने-ले जाने के लिए किराये के उक्त वाहनों के पास परमिट नही था। जिन्हें जप्त कर 14 हजार रूपये की रसीद काटी गई। आरटीओ के इस कारवाई वाहन चालको के मालिको में हड़कंप मचा हुआ है।

### एक नजर में

#### एनसीएल ने लगाया संविदाकर्मियों के लिए परिवार परामर्श शिविर



**सिंगरौली।** एनसीएल की कृष्णशिला परियोजना ने गत मंगलवार को अधिकारी क्लब, कृष्णशिला में संविदाकर्मियों के लिए परिवार परामर्श शिविर का आयोजन किया। परामर्श शिविर के दौरान चिकित्सा अधिकारी, कृष्णशिला ने उपस्थित कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को कार्य जीवन संतुलन, चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण, बेहतर जीवन शैली आदि के संबंध में बताया व जागरूक किया और साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी, कृष्णशिला, सुधीर कुमार झा ने अपने संबोधन में एनसीएल की सफलता में सभी कर्मियों के योगदान की सराहना की।

#### डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन में खिलाड़ियों का पंजीयन 20 तक

**सिंगरौली।** रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाले अंतरजिला एवं अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए अपने जिले में पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सिंगरौली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पुरुषोत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रीवा डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार सत्र 2025-2026 से सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व अपने संबंधित जिले की क्रिकेट एसोसिएशन में पंजीयन कराना आवश्यक होगा। जिले के समस्त इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ियों से आग्रह है कि वे 20 अगस्त तक अपना पंजीयन आवश्यक रूप से पूर्ण करा लें, ताकि आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र बन सके।



# हस्त निर्मित राखी एवं होम डेकोर सामग्रियों के प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## डीडीआरसी भवन में हुआ आयोजन, कलेक्टर रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। जिला मुख्यालय स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका खुला आश्रय गृह की बालिकाओं द्वारा उनके कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत हस्त निर्मित राखी एवं होम डेकोर सामग्रियों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन डीडीआरसी सभागार में किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर सह रेडक्रॉस प्रेसिडेंट चंद्रशेखर शुक्ला एवं सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोरम तिवारी, जिला विधिक अधिकारी अमित शर्मा एवं रेडक्रॉस चेयरमैन एसडी सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में आश्रय गृह की बालिकाओं ने रेजीन, कुंदन, क्ले, गोंड आर्ट राखी एवं कस्टमाइज राखियों के साथ-साथ लिप्पन, शेल, कौड़ी, पिस्ता शेल एवं बंजारा आर्ट वॉल मिरर जैसे विविध एवं कलात्मक होम डेकोर आइटम प्रस्तुत किए। इन कलाकृतियों को आम जन एवं अतिथियों द्वारा न केवल सराहा गया, बल्कि क्रय भी किया गया। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में रेडक्रॉस द्वारा संचालित आश्रय गृह की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान शिक्षा, सुरक्षा, पोषण और स्वरोजगार पर प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रबंध समिति सदस्य डॉ. डीके मिश्रा, पूनम मिश्रा, पूनम त्रिपाठी, देवधर प्रसाद शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट मनोज प्रताप सिंह, सचिव डॉ. ओपी राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# निगाही के नाराज एक सैकड़ा श्रमिको ने पॉच घंटे ठप किया था कामकाज

## न्यूनतम मानदेय भुगतान, मेडिकल सुविधा दिलाने समेत अन्य मांगों को लेकर आज कर रहे थे हड़ताल, टीआई ने मामले को सुलझाया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। एनसीएल परियोजना निगाही के सीएचपी में कार्य करने वाले श्रमिक आज दिन बुधवार की अल सुबह करीब 4:30 बजे प्रवेश द्वार के सामने आवागमन बाधित करते हुये धरने पर बैठ गये। जहां टीआई एवं एनसीएल का अमला स्थल पहुंच उनकी समस्याओं को सुना।**



दरअसल एनसीएल परियोजना निगाही के सीएचपी में कार्य करने वाले करीब एक सैकड़ा श्रमिक आज दिन बुधवार की अल सुबह उक्त परियोजना सीएचपी के प्रवेश द्वार बैरियर के सड़क मार्ग पर कामकाज ठप करते हुये आवागमन रोक धरने पर बैठ गये। श्रमिको की मांग थी कि सीएचपी के संविदाकार के द्वारा महीने में मात्र 8 से 10 हजार रूपये ही पारिश्रमिक भुगतान दिया जाता है और अन्य जगह पारिश्रमिक भुगतान ज्यादा है। यहां मेडिकल सहित अन्य सुविधाएं नही मिलती हैं। पारिश्रमिक भुगतान बढ़ाने सहित अन्य समस्याओं को अवगत कराने के बाद संविदाकार के कर्ताधर्ताओं के द्वारा गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार एवं बाउंसरों से मारपीट की जाती है और श्रमिक अपने-आप को अपमानित महसूस करते हैं। इधर श्रमिको के हड़ताल की खबर मिलते ही एनसीएल प्रबंधन, संविदाकार स्थल पहुंच श्रमिको का मान-मुनौवल शुरू कर दिया। लेकिन श्रमिक अपनी मांगों पर अड़े थे और मामला काफी गरमाने लगा। नवानगर टीआई कपूर त्रिपाठी को जानकारी मिली। जहां पुलिस स्टाफ के साथ स्थल पहुंच श्रमिको के बीच बैठ चर्चा करने। अंत में एनसीएल प्रबंधन झुका और श्रमिको की बात मानते हुये शीघ्र ही सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर समस्याओं एवं मांगों का निराकरण करने का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि करीब पॉच घंटे तक श्रमिको का धरना चलता रहा। इस दौरान एएसआई अरविन्द चतुर्वेदी समेत अन्य पुलिस अमला मौजूद रहे।

# अदाणी टाउनशीप सड़क मार्ग गड्ढों में तब्दील

## साल भर पहले कंपनी ने खुद कराया था मरम्मत कार्य

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। ननि के वार्ड क्रमांक 42 एलआईजी-देवरा मोड़ से लेकर अदाणी टाउनशीप करीब डेढ़ सौ मीटर लम्बाई दूरी की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। बारिश के दिन पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है।**



दरअसल करीब एक साल पहले अदाणी कंपनी के द्वारा एलआईजी-देवरा मार्ग से लेकर टाउनशीप तक सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया। किंतु एक साल के अंदर ही सड़क के चिथड़े निकलने लगे। आलम यह है कि एक नही दर्जनों की संख्या में गड्ढे हो जाने के कारण बारिश के दिन सड़क में पानी भर जाने से पैदल आने-जाने में भी रहवासियों एवं राहगीरों को तरह-तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या आज से नही कई महीनों से है, लेकिन सड़क का मरम्मत कार्य कराने से न तो नगर निगम दिलचस्पी दिखा रहा है और न ही उक्त कंपनी दिखा रही है। जिसके चलते आवागमन में खासतौर पर बारिश के दिन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है।

# पीएम आवास शहरी इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के लिए शिविर आज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआइजी के पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के लिए बैंक, एचएफसी के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जायेंगे।**



जानकारी के अनुसार उक्त शिविर कल 7 अगस्त को ननि सभागार में प्रात: 11 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह से उप कार्यालय नवजीवन विहार में 20 अगस्त को राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में 3 सितम्बर, ननि सभागार में 17 सितम्बर, उप कार्यालय नवजीवन विहार में 10 अक्टूबर, अटल सामुदियक भवन बिलौजी में 22 अक्टूबर, राजमाता चून कुमारी स्टेडियम में 12 नवम्बर, ननि सभागार में 28 नवम्बर, सामुदायिक भवन बिलौंजी में 10 दिसम्बर तथा राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में 24 दिसम्बर को शिविर आयोजित पात्र हितग्राहियो को बैको से समन्वय बनाकर लाभान्वित कराया जायेगा।

# संविदा कम्पनियां जिले के 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देकर 7 दिन में सूची दें : शुक्ला

## कलेक्टर की अध्यक्षता में एनसीएल परियोजनाओं कार्यरत संविदा कम्पनियों की बैठक आयोजित, कलेक्टर का सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। एनसीएल परियोजनाओं में कार्यरत संविदा कम्पनियां जिले के 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को कुशल तथा अकुल श्रेणी में रोजगार उपलब्ध कराये। साथ ही एक सप्ताह के अंदर कम्पनियों में कार्यरत श्रमिकों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं।**



उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला प्रशासन एवं एनसीएल परियोजनाओं में कार्यरत संविदा कम्पनियों की संयुक्त बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं एसपी के उपस्थित में जिला प्रशासन एवं एनसीएल परियोजनाओं में कार्यरत संविदा कम्पनियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। पूर्व बैठक में कलेक्टर द्वारा कम्पनियों को इस आशय के निर्देश दिए गए थे कि कम्पनियां जिले के 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर देगी। बैठक के दौरान उक्त के संबंध में कम्पनियों से जानकारी प्राप्त करने के पश्चात कलेक्टर ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह सभी कम्पनियां अपने यहां कार्यरत श्रमिको की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध करायें। श्रमिको को कुशल एवं अकुशल श्रेणी में विभाजन करने के साथ-साथ उनके स्थानीय होने के आवश्यक प्रमाण एवं कम्पनियों की कर्मचारी पंजी की जानकारी भी उपलब्ध कराये। साथ ही कि जिले में कार्यरत कम्पनियां उनके आधीन कार्यरत श्रमिको से अधिकतम 8 घण्टे तक ही कार्य करायेंगी। यदि श्रमिको से निर्धारित अवधि से अधिक कार्य कराया जाता है, तो उन्हे नियमानुसार अतिरिक्त पारिश्रमिक का भुगतान करे। बैठक के दौरान निदेश कर्मिक एनसीएल मनीष कुमार, एसडीएम सृजन बर्मा, एसडीओपी मोरवा गौरव पाण्डेय, तहसीलदार अभिषेक यादव, श्रम अधिकारी नवनीत पाण्डेय सहित कम्पनियो के अधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक गौतम देब ने किया रिहंद परियोजना का दौरा

नवभारत न्यूज

**रिहंदनगर 6 अगस्त। एनटीपीसी रिहंद परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक गौतम देब ने 5 एवं 6 अगस्त को दो दिवसीय दौरा किया। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने एफजीडी क्षेत्र के निरीक्षण से की, जहाँ उन्होंने परियोजना की पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं की प्रगति का अवलोकन किया।**



तत्पश्चात उन्होंने कंट्रोल रूम का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने संयंत्र की संचालन प्रणाली, सुरक्षा मानकों एवं नवीन तकनीकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने प्रशासनिक भवन स्थित मंथन प्रेक्षागृह में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ के साथ बैठक कर परियोजना की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। तत्पश्चात उन्होंने परियोजना में कार्यरत विभिन्न यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारियों से संवाद कर उनके विचारों को जाना। तत्पश्चात वे तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए। यह कार्यक्रम रिहंद परिसर में संचालित विद्यालयों के छात्राओं, वर्तिका महिला मण्डल द्वारा संचालित वेल्फेयर विंग उड़ान के बालिकाओं एवं कर्मचारियों ने प्रस्तुत किया।



# सरई कस्बा में नो एंट्री का नहीं हो रहा पालन

नवभारत न्यूज

**सरई 6 अगस्त।** स्थानीय नगर में कलेक्टर के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर के नो एन्ट्री के आदेश का पालन सरई में नहीं किया जा रहा है। जिम्मेदारों की इसकी कोई परवाह नहीं है। सरई मुख्य बाजार में भारी वाहन हर समय खुलेआम दौड़ रहे हैं। जिन पर अंकुश लगाने के लिए कोई जहमत नहीं उठा रहा है। वैसे भी यह भारी वाहन रोड पर कॉल बनकर दौड़ते हैं। यह कब किसको अपने चपेट में ले लेंगे। जबकि नो-एन्ट्री शाम 4 से 9 तक किसी प्रकार का कोई भारी वाहन सरई-गजराबहरा- सरई झारा की ओर नहीं जाएगा।

# तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों का बेमियादी हड़ताल शुरू

## राजस्व कामकाज पूरी तरह ठप, प्राकृतिक आपदा को छोड़ अन्य कार्यो से हुये विरत, कास्तकार दिन भर रहे इधर-उधर भटकते

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। जिले के तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल आज दिन बुधवार से शुरू कर दी है। राजस्व विभाग में न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यो के बटवारे को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों ने सामान्य शासकीय कार्यो से पूरी तरह विरत हो गये हैं। सिर्फ प्राकृतिक आपदा के कार्यो को अहमियत देते हुये प्रमुखता के साथ कर रहे हैं।**



जिले के सिंगरौली शहर, सिंगरौली ग्रामीण, बरगवां, देवसर, सरई, दुधमनिया, चितरंगी, माड़ा तहसील के साथ-साथ जिले के सभी नायब तहसीलदार के कार्योलयों में आज ताले लटके रहे। वही अधिकारियों ने शासकीय वाहन भी संबंधित विभागों को वापस सौंप दिए। यहां बताते चले कि सरकार द्वारा किए गए कार्य विभाजन को लेकर अधिकारियों में असंतोष है। तहसीलदार एवं नायब तसीलदारों का कहना है कि यह निर्णय कार्य के स्वरूप और गरिमा के विपरीत है। गौरतलब है कि राज्य के 25 जिलों में नवाचार के रूप में राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को दो भागों में विभाजित किया जा रहा है। एक भाग में न्यायिक अधिकारी होंगे, जो राजस्व प्रकरणों का निराकरण करेंगे। दूसरे भाग में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारी होंगे, जो कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने में कार्य करेंगे। इसी बात को लेकर संघ के प्रांतव्यापी आह्वान पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार आज दिन बुधवार को प्राकृतिक आपदा संबंधित कार्यो को छोड़ कर अन्य राजस्व से जुड़े कार्यो से दूरी बनाते हुये बेमियादी हड़ताल पर चले गये। हड़ताल के आज पहले दिन ही कास्तकार इधर-उधर भटकते नजर आये।

### तहसीलदारों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

जिले के राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर सिंगरौली को ज्ञापन पत्र प्रस्तुत कर व्यवहारिक कठिनाइयों के संबंध में अवगत कराया। तहसीलदार नगर सविता यादव, ग्रामीण जान्हवी शुक्ला, तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा, चितरंगी ऋषि नारायण सिंह, नायब तहसीलदार प्रीति सिंह सिकरवार, प्रतीक्षा सिंह, प्रभारी तहसीलदार देवसर कमलेश कुमार मिश्रा, सुनील दत्त मिश्रा, नायब तहसीलदार अभिषेक यादव, सारिका ज्ञापन के दौरान मौजूद रहे।

CMYK